This is a digitally signed Gazette, to verify click here.
http://rajpatrahimachal.nic.in

राजपत्र, हिमाचल प्रदेश

हिमाचल प्रदेश राज्य शासन द्वारा प्रकाशित

शनिवार, 21 अप्रैल, 2018 / 01 वैशाख, 1940

हिमाचल प्रदेश सरकार

वित्त विभाग
कोष, लेखा एवम् लॉटरी

अधिसूचना

शिमला–171002, 19 अप्रैल, 2018

संख्याः 3–1/75–फिन(टी0एण्डए0)–IV.—हिमाचल प्रदेश के राज्यपाल, भारत के संविधान के अनुच्छेद 309 के परन्तुक द्वारा प्रदत शक्तियों और इस निमित उन्हें सामर्थ्यकारी बनाने वाली अन्य समस्त

शक्तियों का प्रयोग करते हुए, हिमाचल प्रदेश वित्त और लेखा सेवा में नियुक्त व्यक्तियों की भर्ती और सेवा की शर्तों को विनियमित करने के लिए निम्नलिखित नियम बनाते हैं, अर्थात्:––

1. **संक्षिप्त नाम और प्रारम्भ.––**(1) इन नियमों का संक्षिप्त नाम हिमाचल प्रदेश वित्त और लेखा सेवा नियम, 2018 है।

(2) ये नियम ई–गजट, हिमाचल प्रदेश में प्रकाशन की तारीख से प्रवृत्त होंगे ।

(3) ये, इन नियमों से संलग्न परिशिष्ट–क में विनिर्दिष्ट समस्त पदों को लागू होंगे।

2. **परिभाषाएं.––**इन नियमों में, जब तक कि कोई बात विषय या संदर्भ में विरूद्ध न हो:

(क) **''राज्यपाल''** से भारत के संविधान के अनुच्छेद 155 के अधीन हिमाचल प्रदेश राज्य के लिए नियुक्त राज्यपाल अभिप्रेत है;

(ख) **''सरकार''** से हिमाचल प्रदेश सरकार अभिप्रेत है;

(ग) **''आयोग''** से हिमाचल प्रदेश लोक सेवा आयोग अभिप्रेत हैं;

(घ) **''उपाबन्ध''** से इन नियमों से संलग्न उपाबन्ध अभिप्रेत हैं;

(ङ) **''ड्यूटी पद''** से उपाबन्ध–I में विनिर्दिष्ट कोई पद अथवा सरकार द्वारा इस प्रकार घोषित कोई अन्य पद अभिप्रेत है और इसके अंतर्गत उसी पदनाम वाला कोई अस्थायी पद, जो किसी समरूप वेतनमान सहित उस उपाबन्ध में किसी पद के रूप में विनिर्दिष्ट है;

(च) **''परिशिष्ट''** से इन नियमों के से संलग्न परिशिष्ट अभिप्रेत हैं;

(छ) **''विभाग''** से हिमाचल प्रदेश वित्त विभाग (कोष, लेखा एवम् लॉटरी) अभिप्रेत है;

(ज) **''निदेशक''** से निदेशक, कोष, लेखा एवम् लॉटरी, हिमाचल प्रदेश अभिप्रेत है;

(झ) **''सेवा में नियुक्ति''** से ड्यूटी पद पर नियुक्ति अभिप्रेत है, चाहे वह स्थायी, अस्थायी या स्थानापन्न आधार पर या परिवीक्षा पर हो;

(ञ) **''सेवा''** से हिमाचल प्रदेश वित्त एवम् लेखा सेवा अभिप्रेत है;

(ट) **''मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय''** से भारत में विधि द्वारा निगमित कोई विश्वविद्यालय अथवा कोई अन्य विश्वविद्यालय अभिप्रेत है जो सरकार द्वारा इन नियमों के प्रयोजन के लिए मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय घोषित किया गया है;

(ठ) **''प्रतियोगिता परीक्षा''** से इन नियमों के अधीन आयोग द्वारा आयोजित की जाने वाली प्रतियोगिता परीक्षा अभिप्रेत है; और

(ड) **''परीक्षा''** से आयोग द्वारा, सेवा के अनुभाग अधिकारी के चयन के लिए संचालित परीक्षा अभिप्रेत है।

3. **सेवा का विस्तार.––**परिशिष्ट ''क'' में प्रगणित पदों पर सेवा के अधिकारियों को तैनात किया जाएगा। हिमाचल प्रदेश सरकार के स्वामित्वाधीन या नियन्त्रणाधीन समस्त पब्लिक सेक्टर उपक्रमों / निगमों / बोर्डों / विश्वविद्यालयों, सरकार के वित्त विभाग (कोष, लेखा एवम् लॉटरी) से अनुभाग

अधिकारी, सहायक नियन्त्रक / उप नियन्त्रक / संयुक्त नियन्त्रक / नियन्त्रक (वित्त एवम् लेखा), वित्तीय सलाहकार / मुख्य लेखा अधिकारी, प्रबन्धक वित्त / महा प्रबन्धक (वित्त) आदि पदों के लिए इस सेवा के अधिकारियों की सेवाएं अभिप्राप्त करेंगे:

परन्तु यदि इन पब्लिक सेक्टर उपक्रमों / निगमों / बोर्डों / विश्वविद्यालयों को उनकी विशेष अपेक्षाओं के दृष्टिगत कुछ विशेषज्ञ कार्मिकों की सेवाएं प्राप्त करना अपेक्षित है तो वे सरकार के वित्त विभाग (कोष, लेखा एवम् लॉटरी) से ''निराक्षेप प्रमाण पत्र'' प्राप्त करने के पश्चात् ही विशेषज्ञ लेखा कार्मिकों को ले / भर्ती कर सकते हैं।

4. पदों की संख्या और वर्गीकरण.––(1) इस सेवा में इन नियमों के उपाबन्ध–I में विनिर्दिष्ट पद समाविष्ट होंगे।

(2) सेवा की प्राधिकृत संख्या का, प्रत्येक तीन वर्ष के अन्तराल पर, जो सरकार के वित्त विभाग (कोष, लेखा एवम् लॉटरी) द्वारा संवर्ग (काडर) पुनर्विलोकन समिति का गठन करके सरकार द्वारा वाँछनीय हो, पुनः परीक्षण किया जाएगा और संवर्ग (काडर) पुनर्विलोकन समिति, सेवा की प्राधिकृत संख्या को समग्र रूप से तथा विभागवार / संगठनवार अवधारित करने के लिए ऐसे परिवर्तन / परिवर्धन कर सकेगी, जैसे उचित समझे जाएं;

परन्तु यह कि इन नियमों की कोई भी बात, ऐसे पदों की संख्या में बढ़ौतरी करने या उनमें कमी करने या भिन्न–भिन्न पदनामों और वेतनमानों सहित नए पदों का चाहे स्थायी रूप से या अस्थायी रूप से, सृजन करने के सरकार के अन्तर्निहित अधिकार को प्रभावित नहीं करेगी:

परन्तु यह और कि सरकार के किसी भी विभाग में और सरकार के स्वामित्वाधीन या नियन्त्रणाधीन पब्लिक सेक्टर उपक्रमों / निगमों / बोर्डों / विश्वविद्यालयों में सृजित ऐसा नया पद / ऐसे नए पद, इन नियमों के उपाबन्ध–क में सम्मिलित किये गए समझे जाएंगे।

5. सेवा का वेतनमान.––सेवा के सदस्य ऐसे वेतनमान के हकदार होंगे जैसे कि सरकार द्वारा इन नियमों के उपाबन्ध–I में समय–समय पर विहित किए जाएं।

6. अभ्यर्थियों की राष्ट्रीयता.––सेवा में नियुक्ति के लिए अभ्यर्थियों का भारत का नागरिक होना अनिवार्य है।

7. अभ्यर्थियों के चयन के लिए निरर्हताएं.––कोई भी व्यक्ति:

(क) जिसने किसी ऐसे व्यक्ति के साथ विवाह किया है अथवा विवाह का करार किया है जिसका पति अथवा पत्नी जीवित है; या

(ख) जिसने अपने पति अथवा पत्नी के जीवित रहते किसी अन्य व्यक्ति के साथ विवाह किया है अथवा विवाह का करार किया है:

परन्तु यदि सरकार का समाधान हो जाता है कि ऐसा विवाह ऐसे व्यक्ति और विवाह के अन्य पक्षकार को लागू स्वीय विधि के अधीन अनुज्ञेय है और ऐसा करने के अन्य आधार हैं तो वह किसी व्यक्ति को इस नियम के प्रवर्तन से छूट प्रदान कर सकेगी।

8. सेवा के लिए नियुक्ति.––सेवा में नियुक्ति सरकार द्वारा की जाएगी।

9. भर्ती की पद्धति और अर्हताएं.––जैसा इन नियमों से संलग्न उपाबन्ध–I में विनिर्दिष्ट है।

10. विभागीय परीक्षा.––सेवा में प्रत्येक सदस्य को हिमाचल प्रदेश विभागीय परीक्षा नियम, 1997 में यथाविहित विभागीय परीक्षा उत्तीर्ण करनी होगी।

11. नियुक्ति पर कार्यग्रहण करने में असफल रहने का परिणाम.––सरकार के किसी अन्य नियम या अनुदेशों में अन्तर्विष्ट किसी प्रतिकूल बात के होते हुए भी, सेवा में नियुक्ति पर, यदि कोई अभ्यर्थी आदेशों की प्राप्ति की तारीख से एक मास के भीतर या न्यायोचित आधारों पर कार्यग्रहण करने हेतु प्रदत्त विस्तार के भीतर अपनी नियुक्ति पर कार्य ग्रहण करने के सरकार के आदेशों से भिन्न किसी भी कारण से असफल रहता है, तो सेवा में उसकी नियुक्ति रद्द कर दी जाएगीः

परन्तु पद पर कार्य ग्रहण करने के लिए प्रारम्भ में अनुज्ञात एक मास की अवधि सहित तीन मास की अवधि से अधिक का कोई विस्तार प्रदान नहीं किया जाएगा।

12. सेवा में नियुक्त व्यक्तियों की परिवीक्षा अवधि.––जैसा कि इन नियमों से संलग्न उपाबन्ध–I में विनिर्दिष्ट है।

13. सेवा का दायित्व.––सेवा का सदस्य किसी भी विभाग या पब्लिक सेक्टर उपक्रमों / निगमों / बोर्डों / विश्वविद्यालयों में, किसी भी स्थान पर, चाहे वह हिमाचल प्रदेश राज्य में हो अथवा राज्य के बाहर, सेवा करने के लिए, सरकार से ऐसा करने का आदेश प्राप्त होने पर, दायी होगा।

14. अनुशासन, शास्तियां और अपीलें.––अनुशासन, दण्ड और अपीलों के मामलों में सेवा के सदस्य, सरकार द्वारा यथा अंगीकृत और समय–समय पर संशोधित केन्द्रीय सिविल सेवाएं (वर्गीकरण, नियन्त्रण और अपील) नियम, 1965 द्वारा शासित होंगे।

15. आरक्षण.––सेवा में नियुक्ति, हिमाचल प्रदेश सरकार द्वारा समय–समय पर अनुसूचित जातियों / अनुसूचित जनजातियों / अन्य पिछड़े वर्गों और व्यक्तियों के अन्य प्रवर्गों के लिए सेवा में आरक्षण की बाबत जारी किए गए आदेशों के अध्यधीन होगी।

16. सेवा में नियुक्त व्यक्तियों की वरिष्ठता.––प्रत्येक कॉडर में सेवा के सदस्यों की वरिष्ठता सरकार द्वारा समय–समय पर जारी प्रक्रिया / निर्देशों के अनुसार निर्धारित की जाएगी।

17. छुट्टी, पेंशन और सेवा की अन्य शर्तें.––सेवा के सदस्य छुट्टी, पेंशन और अन्य सभी मामलों के सबंध में, जो इन नियमों में विनिर्दिष्टतः उल्लिखित नहीं हैं, सरकार द्वारा समय–समय पर विरचित / अंगीकृत सुसंगत नियमों में अंतर्विष्ट छुट्टी और पेंशन नियमों द्वारा विनियमित होंगे। सेवा के सदस्य इन नियमों के अन्तर्गत से भिन्न सेवा की अन्य शर्तों के सम्बन्ध में, सरकार द्वारा समय–समय पर जारी नियमों, आदेशों और अनुदेशों द्वारा विनियमित होंगे।

18. इन नियमों में अभिव्यक्ततः उपबंधित नहीं किये गए मामले.––इन नियमों में विनिर्दिष्टतः उल्लेखित नहीं किए गए समस्त मामलों के सम्बन्ध में, सेवा का सदस्य उन साधारण नियमों द्वारा विनियमित किया जाएगा, जो सरकार द्वारा इस बाबत भारत के संविधान के उपबंधों के अधीन बनाए गए हों या इसके पश्चात् बनाए जाएं।

19. निर्वचन.––इन नियमों के निर्वचन के सम्बन्ध में यदि कोई प्रश्न उठता है तो उस पर सरकार का विनिश्चय अंतिम होगा।

20. शिथिल करने की शक्ति.––जहां राज्य सरकार की यह राय हो कि ऐसा करना आवश्यक या समीचीन है, वहां वह, कारणों को लिखित में अभिलिखित करके और आयोग के परामर्श से, आदेश द्वारा, इन नियमों के किन्हीं उपबन्धों को किसी वर्ग या व्यक्ति (व्यक्तियों) के प्रवर्ग या पद (पदों) की बाबत शिथिल कर सकेगीः

परन्तु यह कि अर्हताएं और अनुभव संबंधी उपबन्ध शिथिल नहीं किए जाएंगे।

21. निरसन और व्यावृत्तियां.–– (1) अधिसूचना संख्याः 13–1 / 75–फिन(टी एण्ड ए)–III, तारीख 15 नवम्बर, 2011 द्वारा अधिसूचित हिमाचल प्रदेश अधीनस्थ लेखा सेवा (सामान्य शाखा) प्रशिक्षण और परीक्षा नियम, 2011, अधिसूचना संख्याः 3–1 / 75–फिन(टी एण्ड ए)–III, तारीख 31 मार्च, 2014 द्वारा अधिसूचित हिमाचल प्रदेश अधीनस्थ लेखा सेवा (सामान्य शाखा) प्रशिक्षण और परीक्षा (प्रथम संशोधन) नियम, 2014 अधिसूचना संख्याः फिन(टी आर)ए(3)–3 / 95, तारीख 13 जुलाई, 2007 द्वारा अधिसूचित हिमाचल प्रदेश वित्त विभाग, कोष, लेखा एवम् लॉटरी, नियन्त्रक (वित्त एवम् लेखा) वर्ग–I (राजपत्रित) भर्ती और प्रोन्नति नियम, 2007, अधिसूचना संख्याः फिन(टी आर)ए(3)–3 / 95, तारीख 03 मई, 2012 द्वारा अधिसूचित हिमाचल प्रदेश वित्त विभाग, कोष, लेखा एवम् लॉटरी, नियन्त्रक (वित्त एवम् लेखा) वर्ग–I (राजपत्रित) भर्ती और प्रोन्नति (प्रथम संशोधन) नियम, 2012, अधिसूचना संख्याः फिन(टी आर)ए(3)–1 / 88, तारीख 13 जुलाई, 2007 द्वारा अधिसूचित हिमाचल प्रदेश वित्त विभाग, कोष, लेखा एवम् लॉटरी, संयुक्त नियन्त्रक (वित्त एवम् लेखा) वर्ग–I (राजपत्रित) भर्ती और प्रोन्नति नियम, 2007, अधिसूचना संख्याः फिन(टी आर)ए(3)–9 / 83, तारीख 13 जुलाई, 2007 द्वारा अधिसूचित हिमाचल प्रदेश वित्त विभाग, कोष, लेखा एवम् लॉटरी, उप नियन्त्रक (वित्त एवम् लेखा) वर्ग–I (राजपत्रित) भर्ती और प्रोन्नति नियम, 2007 और अधिसूचना संख्याः फिन(टी आर)ए(3)–8 / 83, तारीख 13 जुलाई, 2007 द्वारा अधिसूचित हिमाचल प्रदेश वित्त विभाग, कोष, लेखा एवम् लॉटरी, सहायक नियन्त्रक (वित्त एवम् लेखा) वर्ग–I (राजपत्रित) भर्ती और प्रोन्नति नियम, 2007 का एतद् द्वारा निरसन किया जाता है।

(2) ऐसे निरसन के होते हुए भी उपर्युक्त उप–नियम (1) के अधीन इस प्रकार निरसित सुसंगत नियमों के अधीन की गई कार्यवाही इन नियमों के अधीन विधिमान्य रूप में की गई कोई बात या समझी जाएगी।

आदेश द्वारा,

(डा0 श्रीकान्त बाल्दी, भा0प्र0से0)
अतिरिक्त मुख्य सचिव (वित्त),
हिमाचल प्रदेश सरकार।

––––––––––

परिशिष्ट ''क''

क्रम संख्या	पद का नाम और वेतनमान	भर्ती की पद्धति, भर्ती सीधी होगी या प्रोन्नति या सैकेण्डमैंट / स्थानान्तरण द्वारा और विभिन्न पद्धतियों द्वारा भरे जाने पद(पदों) की प्रतिशतता	प्रोन्नति / सैकेण्डमैंट / स्थानान्तरण द्वारा भर्ती की दशा में, वे श्रेणियां (ग्रेड) जिनसे प्रोन्नति / सैकेण्डमैंट / स्थानान्तरण किया जाना है
1.	2.	3.	4.
1.	अनुभाग अधिकारी पे बैण्ड ₹10300–34800+ ₹ 5000 / – ग्रेड पे	उपाबन्ध–I और–II के रूप में संलग्न, हिमाचल प्रदेश वित्त और लेखा सेवा के अधीन, अनुभाग अधिकारी के पद पर नियुक्ति के लिए प्रारम्भिक चयन प्रशिक्षण और परीक्षा नियमों में यथा विनिर्दिष्ट प्रतियोगी परीक्षा के आधार पर शतप्रतिशत सीधी भर्ती द्वारा।	लागू नहीं
2.	सहायक नियन्त्रक	शतप्रतिशत प्रोन्नति द्वारा	हिमाचल प्रदेश वित्त और लेखा सेवा के अनुभाग अधिकारियों में से प्रोन्नति द्वारा जिनका तीन वर्ष का

	पे बैण्ड ₹ 15600–39100+ ₹ 5400 / – ग्रेड पे		नियमित सेवाकाल या ग्रेड में की गई लगातार तदर्थ सेवा, यदि कोई हो, को सम्मिलित करके तीन वर्ष का नियमित सेवाकाल होः (I) परन्तु प्रोन्नति के प्रयोजन के लिए प्रत्येक कर्मचारी को, जनजातीय / कठिन / दुर्गम क्षेत्रों और दूरस्थ / ग्रामीण क्षेत्रों में पद (पदों)की ऐसे क्षेत्रों में पर्याप्त संख्या की उपलब्धता के अध्यधीन कम से कम एक कार्यकाल तक सेवा करनी होगीः परन्तु यह और कि उपर्युक्त परन्तुक (I) उन कर्मचारियों के मामले में लागू नहीं होगा, जिनकी अधिवर्षिता के लिए पांच वर्ष की या उससे कम की सेवा शेष रही हो। तथापि पांच वर्ष की यह शर्त प्रोन्नति के मामलों में लागू नहीं होगीः परन्तु यह और भी कि उन अधिकारियों / कर्मचारियों को, जिन्होंने जनजातीय / कठिन / दुर्गम क्षेत्रों और दूरस्थ / ग्रामीण क्षेत्रों में कम से कम एक कार्यकाल तक सेवा नहीं की है, तो उनके अपने–अपने संवर्ग (काडर) में सर्वथा उनकी वरिष्ठता के अनुसार स्थानान्तरण किया जाएगा। **स्पष्टीकरण I:**–उपर्युक्त परन्तुक (I) के प्रयोजन के लिए जनजातीय / कठिन / दुर्गम क्षेत्रों और दूरस्थ / ग्रामीण क्षेत्रों में 'कार्यकाल' से, प्रशासनिक अत्यावश्यकताओं / सुविधा को ध्यान में रखते हुए, साधारणतया तीन वर्ष की अवधि या ऐसे क्षेत्रों में तैनाती की इससे कम अवधि अभिप्रेत होगी। **स्पष्टीकरण II:**––उपर्युक्त परन्तुक (I) के प्रयोजन के लिए जनजातीय / कठिन क्षेत्र निम्न प्रकार से होंगेः– 1. जिला लाहौल एवं स्पिति। 2. चम्बा जिला का पांगी और भरमौर उप–मण्डल। 3. रोहडू उप–मण्डल का डोडरा क्वार क्षेत्र। 4. जिला शिमला की रामपुर तहसील का पन्द्रह बीस परगना, मुनिश दरकाली और ग्राम पंचायत काशापाट। 5. जिला कुल्लू का पन्द्रह बीस परगना। 6. कांगडा जिला के बैजनाथ उप–मण्डल का बड़ा भंगाल क्षेत्र। 7. जिला किन्नौर।

			8. सिरमौर जिला में, उप तहसील कमराउ के काठवाड़ और कोरगा पटवार वृत्त, रेणुका जी तहसील के भलाड़–भलौना और सांगना पटवार वृत्त और शिलाई तहसील के कोटा पाब पटवार वृत्त। 9. मण्डी जिला में करसोग तहसील का खनयोल–बगड़ा पटवार वृत्त, बाली चौकी उप तहसील के गाडा गुशैणी, मठियानी, घनयाड़, थाची, बागी, सोमगाड़ और खोलानाल पटवारवृत्त, पद्धर तहसील के झारवाड़, कुटगढ़, ग्रामन, देवगढ़, ट्रैला, रोपा, कथोग, सिल्ह–भडवानी, हस्तपुर, घमरेड़ और भटेड़ पटवार वृत्त थुनाग तहसील के चियुनी, कालीपार, मानगढ़, थाच बगड़ा, उत्तरी मगरु और दक्षिणी मगरु पटवार वृत्त और सुन्दरनगर तहसील का बटवाड़ा पटवार वृत्त। **स्पष्टीकरण III.**—उपर्युक्त परन्तुक (I) के प्रयोजन के लिए दूरस्थ / ग्रामीण क्षेत्र निम्न प्रकार से होंगेः– (*i*) उप–मण्डल / तहसील मुख्यालय से 20 किलोमीटर की परिधि से परे के समस्त स्थान। (*ii*) राज्य मुख्यालय और जिला मुख्यालय से 15 किलोमीटर की परिधि से परे के समस्त स्थान जहाँ के लिए बस सेवा उपलब्ध नहीं है और 3 (तीन) किलोमीटर से अधिक की पैदल यात्रा करनी पड़ती है। (*iii*) कर्मचारी का, उसके प्रवर्ग को ध्यान में लाए बिना अपने गृह नगर या गृह नगर क्षेत्र के साथलगती 20 किलोमीटर की परिधि के भीतर का क्षेत्र। (II) प्रोन्नति के सभी मामलों में पद पर नियमित नियुक्ति से पूर्व सम्भरण (पोषक) पद में की गई लगातार तदर्थ सेवा, यदि कोई हो, इन नियमों में यथाविहित सेवाकाल के लिए, इस शर्त के अध्यधीन प्रोन्नति के लिए गणना में भी जाएगी, कि सम्भरक (पोषक) प्रवर्ग में तदर्थ नियुक्ति / प्रोन्नति, भर्ती और प्रोन्नति नियमों के उपबन्धों के अनुसार चयन की उचित स्वीकार्य प्रक्रिया को अपनाने के पश्चात् की गई थीः परन्तु उन सभी मामलों में जिनमें कोई कनिष्ठ व्यक्ति सम्भरक (पोषक) पद में अपने कुल सेवाकाल (तदर्थ आधार पर की गई सेवा सहित, जो नियमित सेवा / नियुक्ति के अनुसरण में हो) के आधार पर

			उपर्युक्त निर्दिष्ट उपबन्धों के कारण विचार किए जाने का पात्र हो जाता है, वहां उससे वरिष्ठ सभी व्यक्ति अपने–अपने प्रवर्ग / पद / काडर में विचार किए जाने के पात्र समझे जाएंगे और विचार करते समय कनिष्ठ व्यक्ति से ऊपर रखे जाएंगेः परन्तु यह और कि उन सभी पदधारियों की, जिन पर प्रोन्नति के लिए विचार किया जाना है, की कम से कम तीन वर्ष न्यूनतम अर्हता सेवा या पद के भर्ती और प्रोन्नति नियमों में विहित सेवा, जो भी कम हो, होगीः परन्तु यह और भी, कि जहां कोई व्यक्ति पूर्वगामी परन्तुक की अपेक्षाओं के कारण प्रोन्नति किए जाने सम्बन्धी विचार के लिए अपात्र हो जाता है, वहां उससे कनिष्ठ व्यक्ति भी ऐसी प्रोन्नति के विचार के लिए अपात्र समझा जाएगा / समझे जाएंगे। **स्पष्टीकरण.––**अन्तिम परन्तुक के अन्तर्गत कनिष्ठ पदधारी प्रोन्नति के लिए अपात्र नहीं समझा जाएगा यदि वरिष्ठ अपात्र व्यक्ति भूतपूर्व सैनिक है जिसे डिमोबिलाईजड आर्मड फोर्सिज परसोनल (रिजर्वेशन आफ वैकेन्सीज इन हिमाचल स्टेट नॉन टैक्नीकल सर्विसीज) रुल्ज, 1972 के नियम–3 के उपबन्धों के अन्तर्गत भर्ती किया गया है और तद्धीन वरीयता लाभ दिए गए हों या जिसे एक्स–सर्विसमैन (रिजर्वेशन आफ वैकेन्सीज इन दि हिमाचल प्रदेश टैक्नीकल सर्विसीज) रुल्ज, 1985 के नियम–3 के उपबन्धों के अन्तर्गत भर्ती किया गया हो और तद्धीन वरीयता लाभ दिए गए हों। (*ii*) इसी प्रकार स्थायीकरण के सभी मामलों में ऐसे पद पर नियमित नियुक्ति से पूर्व सम्भरक (पोषक) पद पर की गई लगातार तदर्थ सेवा, यदि कोई हो, सेवा काल के लिए गणना में ली जाएगी । यदि तदर्थ नियुक्ति / प्रोन्नति, उचित चयन के पश्चात् और भर्ती और प्रोन्नति नियमों के उपबन्धों के अनुसार की गई थीः परन्तु की गई तदर्थ सेवा गणना में लेने के पश्चात् स्थायीकरण के फलस्वरुप पारस्परिक वरीयता अपरिवर्तित रहेगी।
3.	उप नियन्त्रक पे बैण्ड ₹ 15600–39100+ ₹ 6600 / – ग्रेड पे	शतप्रतिशत प्रोन्नति द्वारा	हिमाचल प्रदेश वित्त और लेखा सेवा के सहायक नियन्त्रकोंमें से प्रोन्नति द्वारा जिनका तीन वर्ष का नियमित सेवाकाल या ग्रेड में की गई लगातार तदर्थ सेवा, यदि कोई हो, को सम्मिलित करके तीन वर्ष का नियमित सेवाकाल हो, ऐसा न होने पर हिमाचल प्रदेश वित्त और लेखा सेवा के सहायक नियन्त्रकों में से प्रोन्नति द्वारा जिनका हिमाचल प्रदेश वित्त और लेखा सेवा के सहायक नियन्त्रक और हिमाचल प्रदेश वित्त और लेखा सेवा के अनुभाग अधिकारी के रूप में

			संयुक्ततः छह वर्ष का नियमित सेवाकाल या की गई लगातार तदर्थ सेवा, यदि कोई हो, को सम्मिलित करके छह वर्ष का नियमित सेवाकाल हो जिसमें से हिमाचल प्रदेश वित्त और लेखा सेवा के सहायक नियन्त्रक के रूप में दो वर्ष की सेवा अनिवार्य होगी। (I) परन्तु प्रोन्नति के प्रयोजन के लिए प्रत्येक कर्मचारी को, जनजातीय / कठिन / दुर्गम क्षेत्रों और दूरस्थ / ग्रामीण क्षेत्रों में पद (पदों)की ऐसे क्षेत्रों में पर्याप्त संख्या की उपलब्धता के अध्यधीन कम से कम एक कार्यकाल तक सेवा करनी होगीः परन्तु यह और कि दूरस्थ / ग्रामीण क्षेत्रों में तैनाती स्थानन्तरण के सिवाय, उपर्युक्त परन्तुक (I) उन कर्मचारियों के मामले में लागू नहीं होगा, जिनकी अधिवर्षिता के लिए पांच वर्ष की या उससे कम की सेवा शेष रही हो। तथापि पांच वर्ष की यह शर्त प्रोन्नति के मामलों में लागू नहीं होगीः परन्तु यह और भी कि उन अधिकारियों / कर्मचारियों को, जिन्होंने जनजातीय / कठिन / दुर्गम क्षेत्रों और दूरस्थ / ग्रामीण क्षेत्रों में कम से कम एक कार्यकाल तक सेवा नहीं की है, तो उनके अपने–अपने संवर्ग (काडर) में सर्वथा उनकी वरिष्ठता के अनुसार स्थानान्तरण किया जाएगा। **स्पष्टीकरण I**:– उपर्युक्त परन्तुक (I) के प्रयोजन के लिए जनजातीय / कठिन / दुर्गम क्षेत्रों और दूरस्थ / ग्रामीण क्षेत्रों में 'कार्यकाल' से, प्रशासनिक अत्यावश्यकताओं / सुविधा को ध्यान में रखते हुए, साधारणतया तीन वर्ष की अवधि या ऐसे क्षेत्रों में तैनाती की इससे कम अवधि अभिप्रेत होगी। **स्पष्टीकरण II:**–उपर्युक्त परन्तुक (I) के प्रयोजन के लिए जनजातीय / कठिन क्षेत्र निम्न प्रकार से होंगेः– 1. जिला लाहौल एवं स्पिति। 2. चम्बा जिला का पांगी और भरमौर उप–मण्डल। 3. रोहडू उप मण्डल का डोडरा क्वार क्षेत्र। 4. जिला शिमला की रामपुर तहसील का पन्द्रह बीस परगना, मुनिश दरकाली और ग्राम पंचायत काशापाट। 5. जिला कुल्लू का पन्द्रह बीस परगना।

			6. कांगडा जिला के बैजनाथ उप मण्डल का बड़ा भंगाल क्षेत्र। 7. जिला किन्नौर। 8. सिरमौर जिला मेंउप तहसील कमराउ के काठवाड़ और कोरगा पटवार वृत्त, रेणुका जी तहसील के भलाड़–भलौना और सांगना पटवार वृत्त और शिलाई तहसील के कोटा पाब पटवार वृत्त। 9. मण्डी जिला में करसोग तहसील का खनयोल–बगड़ा पटवार वृत्त, बाली चौकी उप तहसील के गाडा गुशैणी, मठियानी, घनयाड़, थाची, बागी, सोमगाड़ और खोलानाल पटवार वृत्त, पद्धर तहसील के झारवाड़, कुटगढ़, ग्रामन, देवगढ़, ट्रैला, रोपा, कथोग, सिल्ह–भडवानी, हस्तपुर, घमरेड़ और भटेड़ पटवार वृत्त थुनाग तहसील के चियुनी, कालीपार, मानगढ़, थाच बगड़ा, उत्तरी मगरु और दक्षिणी मगरु पटवार वृत्त और सुन्दरनगर तहसील का बटवाड़ा पटवार वृत्त। **स्पष्टीकरण** III:—उपर्युक्त परन्तुक (I) के प्रयोजन के लिए दूरस्थ / ग्रामीण क्षेत्र निम्न प्रकार से होंगेः– (*i*) उप–मण्डल / तहसील मुख्यालय से 20 किलोमीटर की परिधि से परे के समस्त स्थान। (*ii*) राज्य मुख्यालय और जिला मुख्यालय से 15 किलोमीटर की परिधि से परे के समस्त स्थान जहाँ के लिए बस सेवा उपलब्ध नहीं है और 3 (तीन) किलोमीटर से अधिक की पैदल यात्रा करनी पड़ती है। (*iii*) कर्मचारी का, उसके प्रवर्ग को ध्यान में लाए बिना अपने गृह नगर या गृह नगर क्षेत्र के साथ लगती 20 किलोमीटर की परिधि के भीतर का क्षेत्र। (II) प्रोन्नति के सभी मामलों में पद नियमित नियुक्ति से पूर्व सम्भरण (पोषक) पद में की गई लगातार तदर्थ सेवा, यदि कोई हो, इन नियमों में यथाविहित सेवाकाल के लिए, इस शर्त के अध्यधीन प्रोन्नति के लिए गणना में भी जाएगी, कि सम्भरक (पोषक) प्रवर्ग में तदर्थ नियुक्ति / प्रोन्नति, भर्ती और प्रोन्नति नियमों के उपबन्धों

			के अनुसार चयन की उचित स्वीकार्य प्रक्रिया को अपनाने के पश्चात् की गई थीः परन्तु उन सभी मामलों में जिनमें कोई कनिष्ठ व्यक्ति सम्भरक (पोषक) पद में अपने कुल सेवाकाल (तदर्थ आधार पर की गई सेवा सहित, जो नियमित सेवा / नियुक्ति के अनुसरण में हो) के आधार पर उपर्युक्त निर्दिष्ट उपबन्धों के कारण विचार किए जाने का पात्र हो जाता है, वहां उससे वरिष्ठ सभी व्यक्ति अपने–अपने प्रवर्ग / पद / काडर में विचार किए जाने के पात्र समझे जाएंगे और विचार करते समय कनिष्ठ व्यक्ति से ऊपर रखे जाएंगे। परन्तु यह और कि उन सभी पदधारियों की, जिन पर प्रोन्नति के लिए विचार किया जाना है, की कम से कम तीन वर्ष न्यूनतम अर्हता सेवा या पद के भर्ती और प्रोन्नति नियमों में विहित सेवा, जो भी कम हो, होगीः परन्तु यह और भी, कि जहां कोई व्यक्ति पूर्वगामी परन्तुक की अपेक्षाओं के कारण प्रोन्नति किए जाने सम्बन्धी विचार के लिए अपात्र हो जाता है, वहां उससे कनिष्ठ व्यक्ति भी ऐसी प्रोन्नति के विचार के लिए अपात्र समझा जाएगा / समझे जाएंगें। **स्पष्टीकरणः**–अन्तिम परन्तुक के अन्तर्गत कनिष्ठ पदधारी प्रोन्नति के लिए अपात्र नहीं समझा जाएगा यदि वरिष्ठ अपात्र व्यक्ति भूतपूर्व सैनिक है जिसे डिमोबिलाईजड आर्मड फोर्सिज परसोनल (रिजर्वेशन आफ वैकेन्सीज इन हिमाचल स्टेट नॉन टैक्नीकल सर्विसीज) रुल्ज, 1972 के नियम–3 के उपबन्धों के अन्तर्गत भर्ती किया गया है और तद्धीन वरीयता लाभ दिए गए हों या जिसे एक्स–सर्विसमैन (रिजर्वेशन आफ वैकेन्सीज इन दि हिमाचल प्रदेश टैक्नीकल सर्विसीज) रुल्ज,1985 के नियम–3 के उपबन्धों के अन्तर्गत भर्ती किया गया हो और तद्धीन वरीयता लाभ दिए गए हों। (*ii*) इसी प्रकार स्थायीकरण के सभी मामलों में ऐसे पद पर नियमित नियुक्ति से पूर्व सम्भरक (पोषक) पद पर की गई लगातार तदर्थ सेवा, यदि कोई हो, सेवा काल के लिए गणना में ली जाएगी। यदि तदर्थ नियुक्ति / प्रोन्नति , उचित चयन के पश्चात् और भर्ती और प्रोन्नति नियमों के उपबन्धों के अनुसार की गई थीः परन्तु की गई तदर्थ सेवा गणना में लेने के पश्चात् स्थायीकरण के फलस्वरुप पारस्परिक वरीयता अपरिवर्तित रहेगी।

4.	संयुक्त नियन्त्रक पे बैण्ड ₹ 15600–39100+ ₹ 7800 / – ग्रेड पे	शतप्रतिशत प्रोन्नति द्वारा	हिमाचल प्रदेश वित्त और लेखा सेवा के उप नियन्त्रकों में से प्रोन्नति द्वारा जिनका तीन वर्ष का नियमित सेवाकाल या ग्रेड में की गई लगातार तदर्थ सेवा, यदि कोई हो, को सम्मिलित करके तीन वर्ष का नियमित सेवाकाल हो, ऐसा न होने पर हिमाचल प्रदेश वित्त और लेखा सेवा के उप नियन्त्रकों में से प्रोन्नति द्वारा जिनका हिमाचल प्रदेश वित्त और लेखा सेवा के उप नियन्त्रक और हिमाचल प्रदेश वित्त और लेखा सेवा के सहायक नियन्त्रक के रूप में संयुक्ततः छह वर्ष का नियमित सेवाकाल या की गई लगातार तदर्थ सेवा, यदि कोई हो, को सम्मिलित करके छह वर्ष का नियमित सेवाकाल हो जिसमें से हिमाचल प्रदेश वित्त और लेखा सेवा के उप–नियन्त्रक के रूप में दो वर्ष की सेवा अनिवार्य होगी। (I) परन्तु प्रोन्नति के प्रयोजन के लिए प्रत्येक कर्मचारी को, जनजातीय / कठिन / दुर्गम क्षेत्रों और दूरस्थ / ग्रामीण क्षेत्रों में पद (पदों) की ऐसे क्षेत्रों में पर्याप्त संख्या की उपलब्धता के अध्यधीन कम से कम एक कार्यकाल तक सेवा करनी होगीः परन्तु यह और कि दूरस्थ / ग्रामीण क्षेत्रों में तैनाती स्थानान्तरण के सिवाय, उपर्युक्त परन्तुक (I) उन कर्मचारियों के मामले में लागू नहीं होगा, जिनकी अधिवर्षिता के लिए पांच वर्ष की या उससे कम की सेवा शेष रही हो। तथापि पांच वर्ष की यह शर्त प्रोन्नति के मामलों में लागू नहीं होगीः परन्तु यह और भी कि उन अधिकारियों / कर्मचारियों को,जिन्होंने जनजातीय / कठिन / दुर्गम क्षेत्रों और दूरस्थ / ग्रामीण क्षेत्रों में कम से कम एक कार्यकाल तक सेवा नहीं की है, उनके अपने–अपने संवर्ग (काडर) में सर्वथा उनकी वरिष्ठता के अनुसार स्थानान्तरण किया जाएगा। **स्पष्टीकरण I:**–उपर्युक्त परन्तुक (I) के प्रयोजन के लिए जनजातीय / कठिन / दुर्गम क्षेत्रों और दूरस्थ / ग्रामीण क्षेत्रों में 'कार्यकाल' से, प्रशासनिक अत्यावश्यकताओं / सुविधा को ध्यान में रखते हुए, साधारणतया तीन वर्ष की अवधि या ऐसे क्षेत्रों में तैनाती की इससे कम अवधि अभिप्रेत होगी। **स्पष्टीकरण II:**–उपर्युक्त परन्तुक (I) के प्रयोजन के लिए जनजातीय / कठिन क्षेत्र निम्न प्रकार से होंगेः– 1. जिला लाहौल एवं स्पिति। 2. चम्बा जिला का पांगी और भरमौर उप–मण्डल।

			3. रोहडू उप मण्डल का डोडरा क्वार क्षेत्र। 4. जिला शिमला की रामपुर तहसील का पन्द्रह बीस परगना, मुनिश दरकाली और ग्राम पंचायत काशापाट। 5. जिला कुल्लू का पन्द्रह बीस परगना। 6. कांगडा जिला के बैजनाथ उप मण्डल का बड़ा भंगाल क्षेत्र। 7. जिला किन्नौर। 8. सिरमौर जिला में उप तहसील कमराउ के काठवाड़ और कोरगा पटवार वृत्त, रेणुका जी तहसील के भलाड़–भलौना और सांगना पटवार वृत्त और शिलाई तहसील के कोटा पाब पटवार वृत्त। 9. मण्डी जिला में करसोग तहसील का खनयोल–बगड़ा पटवार वृत्त, बाली चौकी उप तहसील के गाडा गुशैणी, मठियानी, घनयाड़, थाची, बागी, सोमगाड़ और खोलानाल पटवार वृत्त, पद्धर तहसील के झारवाड़, कुटगढ़, ग्रामन, देवगढ़, ट्रैला, रोपा, कथोग, सिल्ह–भडवानी, हस्तपुर, घमरेड और भटेड़ पटवार वृत्त थुनाग तहसील के चियुनी, कालीपार, मानगढ़, थाच बगड़ा, उत्तरी मगरु और दक्षिणी मगरु पटवार वृत्त और सुन्दरनगर तहसील का बटवाड़ा पटवार वृत्त। **स्पष्टीकरण III:—** उपर्युक्त परन्तुक (I) के प्रयोजन के लिए दूरस्थ / ग्रामीण क्षेत्र निम्न प्रकार से होंगेः– (*i*) उप–मण्डल / तहसील मुख्यालय से 20 किलोमीटर की परिधि से परे के समस्त स्थान। (*ii*) राज्य मुख्यालय और जिला मुख्यालय से 15 किलोमीटर की परिधि से परे के समस्त स्थान जहाँ के लिए बस सेवा उपलब्ध नहीं है और 3 (तीन) किलोमीटर से अधिक की पैदल यात्रा करनी पड़ती है। (*iii*) कर्मचारी का, उसके प्रवर्ग को ध्यान में लाए बिना अपने गृह नगर या गृह नगर क्षेत्र के साथ लगती 20 किलोमीटर की परिधि के भीतर का क्षेत्र। (II) प्रोन्नति के सभी मामलों में पद पर नियमित नियुक्ति से पूर्व सम्भरक (पोषक) पद में की गई

			लगातार तदर्थ सेवा, यदि कोई हो, इन नियमों में यथाविहित सेवाकाल के लिए, इस शर्त के अध्यधीन प्रोन्नति के लिए गणना में भी जाएगी कि सम्भरक (पोषक) प्रवर्ग में तदर्थ नियुक्ति / प्रोन्नति, भर्ती और प्रोन्नति नियमों के उपबन्धों के अनुसार चयन की उचित स्वीकार्य प्रक्रिया को अपनाने के पश्चात् की गई थी: परन्तु उन सभी मामलों में जिनमें कोई कनिष्ठ व्यक्ति सम्भरक (पोषक) पद में अपने कुल सेवाकाल (तदर्थ आधार पर की गई सेवा सहित, जो नियमित सेवा / नियुक्ति के अनुसरण में हो) के आधार पर उपर्युक्त निर्दिष्ट उपबन्धों के कारण विचार किए जाने का पात्र हो जाता है, वहां उससे वरिष्ठ सभी व्यक्ति अपने–अपने प्रवर्ग / पद / काडर में विचार किए जाने के पात्र समझे जाएंगे और विचार करते समय कनिष्ठ व्यक्ति से ऊपर रखे जाएंगे: परन्तु यह और कि उन सभी पदधारियों की, जिन पर प्रोन्नति के लिए विचार किया जाना है, की कम से कम तीन वर्ष न्यूनतम अर्हता सेवा या पद के भर्ती और प्रोन्नति नियमों में विहित सेवा, जो भी कम हो, होगी: परन्तु यह और भी, कि जहां कोई व्यक्ति पूर्वगामी परन्तुक की अपेक्षाओं के कारण प्रोन्नति किए जाने सम्बन्धी विचार के लिए अपात्र हो जाता है, वहां उससे कनिष्ठ व्यक्ति भी ऐसी प्रोन्नति के विचार के लिए अपात्र समझा जाएगा / समझे जाएंगे। **स्पष्टीकरण:–**अन्तिम परन्तुक के अन्तर्गत कनिष्ठ पदधारी प्रोन्नति के लिए अपात्र नहीं समझा जाएगा यदि वरिष्ठ अपात्र व्यक्ति भूतपूर्व सैनिक है जिसे डिमोबिलाईजड आर्मड फोर्सिज परसोनल (रिजर्वेशन आफ वैकेन्सीज इन हिमाचल स्टेट नान टैक्नीकल सर्विसीज) रुल्ज, 1972 के नियम–3 के उपबन्धों के अन्तर्गत भर्ती किया गया है और तद्धीन वरीयता लाभ दिए गए हों या जिसे एक्स–सर्विसमैन (रिजर्वेशन आफ वैकेन्सीज इन दि हिमाचल प्रदेश टैक्नीकल सर्विसीज)रुल्ज,1985 के नियम–3 के उपबन्धों के अन्तर्गत भर्ती किया गया हो और तद्धीन वरीयता लाभ दिए गए हों। (*ii*) इसी प्रकार स्थायीकरण के सभी मामलों में ऐसे पद पर नियमित नियुक्ति से पूर्व सम्भरक (पोषक) पद पर की गई लगातार तदर्थ सेवा, यदि कोई हो, सेवा काल के लिए गणना में ली जाएगी। यदि तदर्थ नियुक्ति / प्रोन्नति, उचित चयन के पश्चात् और भर्ती और प्रोन्नति नियमों के उपबन्धों के अनुसार की गई थी:

			परन्तु की गई तदर्थ सेवा को गणना में लेने के पश्चात् स्थायीकरण के फलस्वरुप पारस्परिक वरीयता अपरिवर्तित रहेगी।
5.	नियन्त्रक पे बैण्ड ₹ 15600–39100+ ₹ 8400/– ग्रेड पे	शतप्रतिशत प्रोन्नति द्वारा	हिमाचल प्रदेश वित्त और लेखा सेवा के संयुक्त नियन्त्रक में से प्रोन्नति द्वारा जिनका तीन वर्ष का नियमित सेवाकाल या ग्रेड में की गई लगातार तदर्थ सेवा, यदि कोई हो, को सम्मिलित करके तीन वर्ष का नियमित सेवाकाल हो, ऐसा न होने पर हिमाचल प्रदेश वित्त और लेखा सेवा के संयुक्त नियन्त्रकों में से प्रोन्नति द्वारा जिनका हिमाचल प्रदेश वित्त और लेखा सेवा के संयुक्त नियन्त्रक और हिमाचल प्रदेश वित्त और लेखा सेवा के उप नियन्त्रक के रूप में संयुक्ततः छह वर्ष का नियमित सेवाकाल या की गई लगातार तदर्थ सेवा, यदि कोई हो, को सम्मिलित करके छह वर्ष का नियमित सेवाकाल हो जिसमें से हिमाचल प्रदेश वित्त और लेखा सेवा के उप–नियन्त्रक के रूप में दो वर्ष की सेवा अनिवार्य होगी। (I) परन्तु प्रोन्नति के प्रयोजन के लिए प्रत्येक कर्मचारी को, जनजातीय/कठिन/दुर्गम क्षेत्रों और दूरस्थ/ग्रामीण क्षेत्रों में पद (पदों) की ऐसे क्षेत्रों में पर्याप्त संख्या की उपलब्धता के अध्यधीन कम से कम एक कार्यकाल तक सेवा करनी होगीः परन्तु यह और कि दूरस्थ/ग्रामीण क्षेत्रों में तैनाती स्थानान्तरण के सिवाय, उपर्युक्त परन्तुक (I) उन कर्मचारियों के मामले में लागू नहीं होगा, जिनकी अधिवर्षिता के लिए पांच वर्ष की या उससे कम की सेवा शेष रही हो। तथापि पांच वर्ष की यह शर्त प्रोन्नति के मामलों में लागू नहीं होगीः परन्तु यह और भी कि उन अधिकारियों/कर्मचारियों को, जिन्होंने जनजातीय/कठिन/दुर्गम क्षेत्रों और दूरस्थ/ग्रामीण क्षेत्रों में कम से कम एक कार्यकाल तक सेवा नहीं की है, तो उनके अपने–अपने संवर्ग (काडर) में सर्वथा उनकी वरिष्ठता के अनुसार स्थानान्तरण किया जाएगा। **स्पष्टीकरण I:**–उपर्युक्त परन्तुक (I) के प्रयोजन के लिए जनजातीय/कठिन/दुर्गम क्षेत्रों और दूरस्थ/ग्रामीण क्षेत्रों में 'कार्यकाल' से, प्रशासनिक अत्यावश्यकताओं/सुविधा को ध्यान में रखते हुए, साधारणतया तीन वर्ष की अवधि या ऐसे क्षेत्रों में तैनाती की इससे कम अवधि अभिप्रेत होगी। **स्पष्टीकरण II:**–उपर्युक्त परन्तुक (I) के प्रयोजन के लिए जनजातीय/कठिन क्षेत्र निम्न प्रकार से होंगेः–

			1. जिला लाहौल एवं स्पिति। 2. चम्बा जिला का पांगी और भरमौर उप–मण्डल। 3. रोहडू उप मण्डल का डोडरा क्वार क्षेत्र। 4. जिला शिमला की रामपुर तहसील का पन्द्रह बीस परगना, मुनिश दरकाली और ग्राम पंचायत काशापाट। 5. जिला कुल्लू का पन्द्रह बीस परगना। 6. कांगडा जिला के बैजनाथ उप मण्डल का बड़ा भंगाल क्षेत्र। 7. जिला किन्नौर। 8. सिरमौर जिला में उप तहसील कमराउ के काठवाड़ और कोरगा पटवार वृत्त, रेणुका जी तहसील के भलाड़–भलौना और सांगना पटवार वृत्त और शिलाई तहसील के कोटा पाब पटवार वृत्त। 9. मण्डी जिला में करसोग तहसील का खनयोल–बगड़ा पटवार वृत्त, बाली चौकी उप तहसील के गाडा गुशैणी, मठियानी, घनयाड़, थाची, बागी, सोमगाड़ और खोलानाल पटवार वृत्त, पद्धर तहसील के झारवाड़, कुटगढ़, ग्रामन, देवगढ़, ट्रैला, रोपा, कथोग, सिल्ह–भडवानी, हस्तपुर, घमरेड और भटेड़ पटवार वृत्त थुनाग तहसील के चियुनी, कालीपार, मानगढ़, थाच बगड़ा, उत्तरी मगरु और दक्षिणी मगरु पटवार वृत्त और सुन्दरनगर तहसील का बटवाड़ा पटवार वृत्त। **स्पष्टीकरण III:**—उपर्युक्त परन्तुक (I) के प्रयोजन के लिए दूरस्थ / ग्रामीण क्षेत्र निम्न प्रकार से होंगेः– (*i*) उप–मण्डल / तहसील मुख्यालय से 20 किलोमीटर की परिधि से परे के समस्त स्थान। (*ii*) राज्य मुख्यालय और जिला मुख्यालय से 15 किलोमीटर की परिधि से परे के समस्त स्थान जहॉ के लिए बस सेवा उपलब्ध नहीं है और 3 (तीन) किलोमीटर से अधिक की पैदल यात्रा करनी पड़ती है।

			(*iii*) कर्मचारी का, उसके प्रवर्ग को ध्यान में लाए बिना अपने गृह नगर या गृह नगर क्षेत्र के साथ लगती 20 किलोमीटर की परिधि के भीतर का क्षेत्र। (II) प्रोन्नति के सभी मामलों में पद पर नियमित नियुक्ति से पूर्व सम्भरक (पोषक) पद में की गई लगातार तदर्थ सेवा, यदि कोई हो, इन नियमों में यथाविहित सेवाकाल के लिए, इस शर्त के अध्यधीन प्रोन्नति के लिए गणना में भी जाएगी, कि सम्भरक (पोषक) प्रवर्ग में तदर्थ नियुक्ति / प्रोन्नति, भर्ती और प्रोन्नति नियमों के उपबन्धों के अनुसार चयन की उचित स्वीकार्य प्रक्रिया को अपनाने के पश्चात् की गई थीः परन्तु उन सभी मामलों में जिनमें कोई कनिष्ठ व्यक्ति सम्भरक (पोषक) पद में अपने कुल सेवाकाल (तदर्थ आधार पर की गई सेवा सहित, जो नियमित सेवा / नियुक्ति के अनुसरण में हो) के आधार पर उपर्युक्त निर्दिष्ट उपबन्धों के कारण विचार किए जाने का पात्र हो जाता है, वहां उससे वरिष्ठ सभी व्यक्ति अपने–अपने प्रवर्ग / पद / काडर में विचार किए जाने के पात्र समझे जाएंगे और विचार करते समय कनिष्ठ व्यक्ति से ऊपर रखे जाएंगेः परन्तु यह और कि उन सभी पदधारियों की, जिन पर प्रोन्नति के लिए विचार किया जाना है, की कम से कम तीन वर्ष न्यूनतम अर्हता सेवा या पद के भर्ती और प्रोन्नति नियमों में विहित सेवा, जो भी कम हो, होगीः परन्तु यह और भी, कि जहां कोई व्यक्ति पूर्वगामी परन्तुक की अपेक्षाओं के कारण प्रोन्नति किए जाने सम्बन्धी विचार के लिए अपात्र हो जाता है, वहां उससे कनिष्ठ व्यक्ति भी ऐसी प्रोन्नति के विचार के लिए अपात्र समझा जाएगा / समझे जाएंगे। **स्पष्टीकरणः–**अन्तिम परन्तुक के अन्तर्गत कनिष्ठ पदधारी प्रोन्नति के लिए अपात्र नहीं समझा जाएगा यदि वरिष्ठ अपात्र व्यक्ति भूतपूर्व सैनिक है जिसे डिमोबिलाईजड आर्मड फोर्सिज परसोनल (रिजर्वेशन आफ वैकेन्सीज इन हिमाचल स्टेट नान टैक्नीकल सर्विसीज) रुल्ज, 1972 के नियम–3 के उपबन्धों के अन्तर्गत भर्ती किया गया है और तद्धीन वरीयता लाभ दिए गए हों या जिसे एक्स–सर्विसमैन (रिजर्वेशन आफ वैकेन्सीज इन दि हिमाचल प्रदेश टैक्नीकल सर्विसीज) रुल्ज, 1985 के नियम–3 के उपबन्धों के अन्तर्गत भर्ती किया गया हो और तद्धीन वरीयता लाभ दिए गए हों।

			(*ii*) इसी प्रकार स्थायीकरण के सभी मामलों में ऐसे पद पर नियमित नियुक्ति से पूर्व सम्भरक (पोषक) पद पर की गई लगातार तदर्थ सेवा, यदि कोई हो, सेवा काल के लिए गणना में ली जाएगी। यदि तदर्थ नियुक्ति / प्रोन्नति, उचित चयन के पश्चात् और भर्ती और प्रोन्नति नियमों के उपबन्धों के अनुसार की गई थीः परन्तु की गई तदर्थ सेवा गणना में लेने के पश्चात् स्थायीकरण के फलस्वरुप पारस्परिक वरीयता अपरिवर्तित रहेगी।

उपाबन्ध–I

1.	क	पद का नाम	अनुभाग अधिकारी
	ख	पदों की संख्या	96 (छियानवे)
	ग	वर्गीकरण	वर्ग–II (राजपत्रित)
	घ	वेतनमान	रू0 10300–34800 जमा रू0 5000 / –ग्रेड पे
	ङ	चयन पद अथवा अचयन	लागू नहीं
	च	सीधी भर्ती के लिए आयु	18 से 45 वर्ष **टिप्पणः** प्रतियोगी परीक्षा में बैठने के लिए आयु सीमा की गणना उस वर्ष के प्रथम दिवस से की जाएगी जिसमें पद (पदों) को अभ्यर्थियों / कर्मचारियों से आवेदन आमंत्रित करने के लिए हिमाचल प्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा विज्ञापित किया गया है।
	छ	सीधी भर्ती किऐ जाने वाले व्यक्ति (व्यक्तियों) के लिए अपेक्षित न्यूनतम शैक्षिक व अन्य अर्हताएं।	मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से स्नातक की उपाधि सहित हिमाचल प्रदेश राज्य के विभाग / बोर्ड / निगम / स्वायत्त निकाय / विश्वविद्यालय / सहकारी बैंक में 03 (तीन) वर्ष का नियमित सेवाकाल।
	ज	सीधी भर्ती किये जाने वाले व्यक्ति के लिए विहित आयु और शैक्षिक अर्हता प्रोन्नति की दशा में लागू होंगी या नहीं।	**आयुः** लागू नहीं **शैक्षिक अर्हताः** लागू नहीं
	झ	परिवीक्षा की अवधि, यदि कोई हो	दो वर्ष, जिसका एक वर्ष से अनाधिक ऐसी और अवधि के लिए विस्तार किया जा सकेगा जैसा सक्षम प्राधिकारी विशेष परिस्थितियों में और कारणों को लिखित में अभिलिखित करके आदेश दें।
	ञ	भर्ती की पद्धति, भर्ती सीधी होगी या प्रोन्नति / सैकेण्डमैंट / स्थानान्तरण	जैसा उपाबन्ध–I से संलग्न परिशिष्ट–क में

		द्वारा और विभिन्न पद्धतियों द्वारा भरे जाने वाले पद (पदों) की प्रतिशतता।	दिया गया है।
	ट	प्रोन्नति / सैकेंडमेंट / स्थानान्तरण द्वारा भर्ती की दशा में वे श्रेणियां (ग्रेड) जिन से प्रोन्नति / सैकेंडमेंट / स्थानान्तरण किया जाएगा।	लागू नहीं
	ठ	यदि विभागीय प्रोन्नति स्थायीकरण समिति विद्यमान हो तो उसकी संरचना।	**(क) विभागीय प्रोन्नति समितिः** लागू नहीं **(ख) विभागीय स्थायीकरण समितिः** जैसी सरकार द्वारा समय–समय पर गठित की जाए।
	ड	भर्ती के लिए जिन परिस्थितियों में हिमाचल प्रदेश लोक सेवा आयोग से परामर्श किया जाएगा।	जैसा विधि द्वारा अपेक्षित हो

2.	क	पद का नाम	सहायक नियन्त्रक
	ख	पदों की संख्या	73 (तिहत्तर)
	ग	वर्गीकरण	वर्ग–I (राजपत्रित)
	घ	वेतनमान	रू0 15600–39100 जमा रू0 5400 / –ग्रेड पे
	ङ	चयन पद अथवा अचयन	चयन
	च	सीधी भर्ती के लिए आयु	लागू नहीं
	छ	सीधी भर्ती किऐ जाने वाले व्यक्ति (व्यक्तियों) के लिए अपेक्षित न्यूनतम शैक्षिक व अन्य अर्हताएं।	**(क) अनिवार्य अर्हता (अर्हताएं):** लागू नहीं **(ख) वांछनीय अर्हता (अर्हताएं):** लागू नहीं
	ज	सीधी भर्ती किये जाने वाले व्यक्ति के लिए विहित आयु और शैक्षिक अर्हता प्रोन्नति की दशा में लागू होंगी या नहीं।	**आयुः** लागू नहीं **शैक्षिक अर्हताः** लागू नहीं
	झ	परिवीक्षा की अवधि, यदि कोई हो	लागू नहीं
	ञ	भर्ती की पद्धति, भर्ती सीधी होगी या प्रोन्नति / सैकेण्डमैंट / स्थानान्तरण द्वारा और विभिन्न पद्धतियों द्वारा भरे जाने वाले पद (पदों) की प्रतिशतता।	शतप्रतिशत प्रोन्नति द्वारा।
	ट	प्रोन्नति / सैकेंडमेंट / स्थानान्तरण द्वारा भर्ती की दशा में वे श्रेणियां (ग्रेड) जिन से प्रोन्नति / सैकेंडमेंट / स्थानान्तरण किया जाएगा।	जैसा उपाबन्ध–I से संलग्न परिशिष्ट–क में दिया गया है।

	ठ	यदि विभागीय प्रोन्नति स्थायीकरण समिति विद्यमान हो तो उसकी संरचना।	**विभागीय प्रोन्नति समितिः** विभागीय प्रोन्नति समिति की अध्यक्षता हिमाचल प्रदेश लोक सेवा आयोग के अध्यक्ष द्वारा या उसके द्वारा नामनिर्देशित आयोग के सदस्य द्वारा कि जाएगी। **विभागीय स्थायीकरण समितिः** जैसी सरकार द्वारा समय–समय पर गठित की जाए।
	ड	भर्ती के लिए जिन परिस्थितियों में हिमाचल प्रदेश लोक सेवा आयोग से परामर्श किया जाएगा।	जैसा विधि द्वारा अपेक्षित हो

3.	क	पद का नाम	उप नियन्त्रक
	ख	पदों की संख्या	25 (पच्चीस)
	ग	वर्गीकरण	वर्ग–I (राजपत्रित)
	घ	वेतनमान	रू0 15600–39100 जमा रू0 6600 / –ग्रेड पे
	ङ	चयन पद अथवा अचयन	चयन
	च	सीधी भर्ती के लिए आयु	लागू नहीं
	छ	सीधी भर्ती किऐ जाने वाले व्यक्ति (व्यक्तियों) के लिए अपेक्षित न्यूनतम शैक्षिक व अन्य अर्हताएं।	**शैक्षिक अर्हता (अर्हताएं)** : लागू नहीं **वांछनीय अर्हता (अर्हताएं):** लागू नहीं
	ज	सीधी भर्ती किये जाने वाले व्यक्ति के लिए विहित आयु और शैक्षिक अर्हता प्रोन्नति की दशा में लागू होंगी या नहीं।	**आयुः** लागू नहीं **शैक्षिक अर्हताः** लागू नहीं
	झ	परिवीक्षा की अवधि, यदि कोई हो	लागू नहीं
	ञ	भर्ती की पद्धति, भर्ती सीधी होगी या प्रोन्नति / सैकेण्डमैंट / स्थानान्तरण द्वारा और विभिन्न पद्धतियों द्वारा भरे जाने वाले पद (पदों) की प्रतिशतता।	शत प्रतिशत प्रोन्नति द्वारा
	ट	प्रोन्नति / सैकेंडमेंट / स्थानान्तरण द्वारा भर्ती की दशा में वे श्रेणियां (ग्रेड) जिन से प्रोन्नति / सैकेंडमेंट / स्थानान्तरण किया जाएगा।	जैसा उपाबन्ध–I से संलग्न परिशिष्ट–क मे दिया गया है।
	ठ	यदि विभागिय प्रोन्नति स्थायीकरण समिति विद्यमान हो तो उसकी संरचना।	जैसी सरकार द्वारा समय –समय पर गठित की जाए।

	ड	भर्ती के लिए जिन परिस्थितियों में हिमाचल प्रदेश लोक सेवा आयोग से परामर्श किया जाएगा	जैसा विधि द्वारा अपेक्षित हो

4.	क	पद का नाम	संयुक्त नियन्त्रक
	ख	पदों की संख्या	20 (बीस)
	ग	वर्गीकरण	वर्ग–I (राजपत्रित)
	घ	वेतनमान	रू 15600–39100 जमा रू 7800 / –ग्रेड पे
	ङ	चयन पद अथवा अचयन	चयन
	च	सीधी भर्ती के लिए आयु	लागू नहीं
	छ	सीधी भर्ती किऐ जाने वाले व्यक्ति (व्यक्तियों) के लिए अपेक्षित न्यूनतम शैक्षिक व अन्य अर्हताएं।	लागू नहीं
	ज	सीधी भर्ती किये जाने वाले व्यक्ति के लिए विहित आयु और शैक्षिक अर्हता प्रोन्नति की दशा में लागू होंगी या नहीं।	**आयुः** लागू नहीं **शैक्षिक अर्हताः** लागू नहीं
	झ	परिवीक्षा की अवधि, यदि कोई हो	लागू नहीं
	ञ	भर्ती की पद्धति, भर्ती सीधी होगी या प्रोन्नति / सैकेण्डमैंट / स्थानान्तरण द्वारा और विभिन्न पद्धतियों द्वारा भरे जाने वाले पद (पदों) की प्रतिशतता।	शत प्रतिशत प्रोन्नति द्वारा
	ट	प्रोन्नति / सैकेंडमेंट / स्थानान्तरण द्वारा भर्ती की दशा में वे श्रेणियां (ग्रेड) जिन से प्रोन्नति / सैकेंडमेंट / स्थानान्तरण किया जाएगा।	जैसा उपाबन्ध–I से संलग्न परिशिष्ट–क में दिया गया है।
	ठ	यदि विभागीय प्रोन्नति स्थायीकरण समिति विद्यमान हो तो उसकी संरचना।	जैसी सरकार द्वारा समय–समय पर गठित की जाए।
	ड	भर्ती के लिए जिन परिस्थितियों में हिमाचल प्रदेश लोक सेवा आयोग से परामर्श किया जाएगा।	जैसा विधि द्वारा अपेक्षित हो

5.	क	पद का नाम	नियन्त्रक
	ख	पदों की संख्या	5 (पांच)

	ग	वर्गीकरण	वर्ग–I (राजपत्रित)
	घ	वेतनमान	रू0 15600–39100 जमा रू0 8400 / –ग्रेड पे
	ङ	चयन पद अथवा अचयन	चयन
	च	सीधी भर्ती के लिए आयु	लागू नहीं
	छ	सीधी भर्ती किऐ जाने वाले व्यक्ति (व्यक्तियों) के लिए अपेक्षित न्यूनतम शैक्षिक व अन्य अर्हताएं।	**अनिवार्य अर्हता (अर्हताएं):** लागू नहीं **वांछनीय अर्हता (अर्हताएं):** लागू नहीं
	ज	सीधी भर्ती किये जाने वाले व्यक्ति के लिए विहित आयु और शैक्षिक अर्हता प्रोन्नति की दशा में लागू होंगी या नहीं।	**आयु:** लागू नहीं **शैक्षिक अर्हता:** लागू नहीं
	झ	परिवीक्षा की अवधि, यदि कोई हो	लागू नहीं
	ञ	भर्ती की पद्धति, भर्ती सीधी होगी या प्रोन्नति / सैकेण्डमैंट / स्थानान्तरण द्वारा और विभिन्न पद्धतियों द्वारा भरे जाने वाले पद (पदों) की प्रतिशतता।	शत प्रतिशत प्रोन्नति द्वारा
	ट	प्रोन्नति / सैकेंडमेंट / स्थानान्तरण द्वारा भर्ती की दशा में वे श्रेणियां (ग्रेड) जिन से प्रोन्नति / सैकेंडमेंट / स्थानान्तरण किया जाएगा।	जैसा उपाबन्ध–I से संलग्न परिशिष्ट–क में दिया गया है।
	ठ	यदि विभागीय प्रोन्नति स्थायीकरण समिति विद्यमान हो तो उसकी संरचना।	जैसी सरकार द्वारा समय–समय पर गठित की जाए।
	ड	भर्ती के लिए जिन परिस्थितियों में हिमाचल प्रदेश लोक सेवा आयोग से परामर्श किया जाएगा।	जैसा विधि द्वारा अपेक्षित हो

उपाबन्ध–II

हिमाचल प्रदेश वित्त एवं लेखा सेवा के अंतर्गत अनुभाग अधिकारी के पद पर नियुक्ति हेतु प्रारम्भिक चयन, प्रशिक्षण एवं परीक्षा के नियम

सेवा को विनियमित करने वाले नियमों में विहित अन्य शर्तों के अध्यधीन, "हिमाचल प्रदेश वित्त और लेखा सेवा" का प्रशिक्षण ले रहे अभ्यर्थियों का प्रारंभिक चयन तथा हिमाचल प्रदेश वित्त और लेखा सेवा भाग–I और भाग–II की परीक्षा का आयोजन निम्न प्रकार से विनियमित किया जाएगा:

1. प्रतियोगी हिमाचल प्रदेश वित्त एवं लेखा सेवा प्रवेश परीक्षा में बैठने वाले अभ्यर्थी (कर्मचारी) किसी विशेष अवकाश के हकदार नहीं होंगे। उन्हें इस परीक्षा के लिए अपने नियोक्ता से छुट्टी लेनी होगी।

2. हिमाचल प्रदेश वित्त एवं लेखा सेवा प्रतियोगी परीक्षा में बैठने के लिए अभ्यर्थियों को अपना व्यय स्वयं वहन करना होगा।

3. हिमाचल प्रदेश वित्त एवं लेखा सेवा भाग–I और भाग–II परीक्षा के लिए प्रशिक्षण ले रहे चयनित प्रशिक्षु अभ्यर्थी प्रशिक्षण सफलतापूर्वक पूर्ण करने और भाग–I और भाग–II परीक्षाओं को अर्हित करने के पश्चात्, कम से कमपांच वर्ष की अवधि के लिए सरकार या पब्लिक सेक्टर उपक्रमों / निगमों / बोर्डों / विश्वविद्यालयों में सेवा करने के लिए जैसे सरकार द्वारा अपेक्षित हो, पांच लाख रूपए (या ऐसी रकम जैसी सरकार द्वारा समय–समय पर अवधारित की जाए) का बन्धपत्र निष्पादित करेंगे। अपेक्षित बन्धपत्र प्रशिक्षु अभ्यर्थी द्वारा निदेशक, हिमाचल प्रदेश लोक प्रशासन, फेयरलॉन शिमला को अपने प्रशिक्षण की उपस्थिति के पहले ही दिन प्रस्तुत करना होगा, जो उक्त संस्थान द्वारा निदेशक, कोष, लेखा एवं लॉटरी हिमाचल प्रदेश शिमला को अभिलेख एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित किया जाएगा।

4. प्रवेश परीक्षा के लिए विषय और पाठ्यक्रमः हिमाचल प्रदेश वित्त एवं लेखा सेवा परीक्षा की प्रारंभिक परीक्षा में बैठने वाले के लिए विषय और पाठ्यक्रम निम्न प्रकार से होगें:–

(क) प्रारंभिक परीक्षाः––मुख्य परीक्षा के लिए विहित पाठ्यक्रम के आधार पर नीचे यथा निर्दिष्ट 120 बहुविकल्पी प्रश्न होंगे। परीक्षा की अवधि दो घंटे की होगी। जिन अभ्यर्थियों को लिखित परीक्षा के लिए अर्हित घोषित किया गया है, उनके द्वारा प्राप्त अंकों को उनकी अंतिम मेरिट् के क्रम का अवधारण करने के लिए गणना में नहीं लिया जाएगा। मुख्य परीक्षा में दाखिला लेने वाले अभ्यर्थियों की संख्या भरी जाने वाली का दस गुणा होगीः

अंग्रेजी और हिंदी	40 प्रश्न
बहुप्रयोजनीय खाते (ओमनीबस अकाउन्टस)	40 प्रश्न
एफ. आर. एस. आर. एवं हिमाचल प्रदेश वित्तीय नियम, 2009	40 प्रश्न

टिप्पणः––समस्त प्रश्नों के (जैसा निम्न ब्यौरा दिया गया है) गलत उत्तरों के लिए नकारात्मक अंकन किया जाएगाः––

(क) प्रत्येक प्रश्न के उत्तर के लिए चार विकल्प होंगे। प्रत्येक प्रश्न, जिसके लिए अभ्यर्थी द्वारा गलत उत्तर दिया गया है, उस प्रश्न के लिए निर्धारित अंकों का एक चौथाई (0.25) अंक शास्तिस्वरूप काट दिए जाएंगे।

(ख) यदि अभ्यर्थी एक से अधिक उत्तर देता है तो उसे गलत उत्तर माना जाएगा चाहे दिए गए उत्तरों में से एक सही हो और उसके लिए वैसी ही शास्ति होगी जैसी उस प्रश्न के लिए उपरोक्त है।

(ग) यदि कोई प्रश्न रिक्त छोड दिया जाता है अर्थात् अभ्यर्थी द्वारा उसका कोई उत्तर नहीं दिया गया है तो उस प्रश्न के लिए कोई शास्ति नहीं होगी।

(घ) जहां किसी प्रश्न के चार विकल्पों में एक सही उत्तर के स्थान पर दो सही उत्तर हों तो समस्त उन अभ्यर्थियों को जो इन दो सही उत्तरों में से किसी एक को कूटबद्ध करता है तो उन्हे प्रश्न के लिए निर्धारित अंक दिए जाएंगे।

(ख) मुख्य परीक्षाः––मुख्य परीक्षा के लिए पाठ्यक्रम निम्न प्रकार से होगाः–

